दिनांक : 26.10.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

वार्तालाप कार्याशाला

राजधानी भोपाल में आज 'एक दशक स्वच्छता के, स्वच्छ भोपाल के लिए विशेष पहल' विषय पर मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी और नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा पत्रकारों के लिए इस मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय भी शामिल हुए।

मनकी बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो ऐप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

स्थापना दिवस

प्रदेश का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है। इस बार स्थापना दिवस पर दीपावली पर्व का संयोग बना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल स्थापना दिवस पर चार दिन के कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। भोपाल के लाल परेड पर 30 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम में भारतीय सेना की ओर से बैंड प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक नवम्बर को जन अभियान परिषद द्वारा प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। ऐतिहासिक स्मारकों और महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ–सफाई एवं बाजारों में सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। महत्वपूर्ण स्थलों पर 69 दीप जलाए जाएंगे। भोपाल के साथ ही जिलों में भी स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न होंगी।

नामांकन

प्रदेश के दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उप चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया कल पूरी हो गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखबीर सिंह ने बताया कि अंतिम दिन श्योपुर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विजयपुर में 08 अभ्यर्थियों द्वारा 10 नाम–निर्देशन पत्र और सीहोर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बुदनी में 14 अभ्यर्थियों द्वारा 16 नाम–निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। अंतिम दिन तक दोनों विधानसभा क्षेत्रों में

कुल 40 अभ्यर्थियों ने 50 नाम–निर्देशन पत्र जमा किये हैं। बुदनी में कल भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। विजयपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा ने नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कई अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। नाम–निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। दोनों सीटों पर मतदान 13 नवम्बर को और मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

समाचार संक्षेप में .....

- कटनी में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के खाद्य प्रतिष्ठानों में अभियान चलाकर खाद्य पदार्थो की जांच की जाकर खाद्य पदार्थो के नमूने एकत्रित किए गए।
- आगरमालवा जिला आयुष विभाग द्वारा शासकीय पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय में लगाये गये शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने लगभग 116 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।
- राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के नवगठित विश्वविद्यालयों के कुलगुरूओं की नियुक्ति कर दी है। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन का कुलगुरु आर.के.डी.एफ. विश्वविद्यालय भोपाल के फार्मेसी विभाग के निदेशक एवं सदस्य, पी.सी.आई., नई दिल्ली डॉ. मोहन लाल कोरी को नियुक्त किया है।
- खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बताया शासकीय भूखंड पर अवैध उत्खनन करने को लेकर गिट्टी क्रेशर संचालक के विरुद्ध 17 करोड रुपए से अधिक का जुर्माना किया है।

....